0522-2204365/ccfcampaup@gmail.com

# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 कैम्पा, लखनऊ

पत्रांक– 335 /2–37–2

दिनांक, लखनऊ, सितम्बरः 01 ,2021

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त, नियोजन, ग्रामीण विकास, राजस्व, कृषि, जनजातीय विकास, पंचायती राज, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0 उ0प्र0, लखनऊ।
4. मुख्य वन संरक्षक, इकोडेवलपमेंट, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मुख्य वन संरक्षक, वन वर्धनिक, दक्षिणी क्षेत्र कानपुर
6. मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबन्ध, उ0प्र0, लखनऊ।
7. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी (FCA), उ0प्र0, लखनऊ–विशेष आमंत्री।
8. श्री आलोक अग्रवाल, वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
9. पर्यावरण शिक्षण केन्द्र (C.E.E), उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, 83 बाल विहार कालोनी, पिकनिक स्पॉट रोड, फरीदी नगर, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
10. टर्टल सर्वाइवल एलाएन्स (T.S.A) डी 1/317, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
11. श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकुट (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
12. श्री जागन सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, पीलीभीत (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
13. श्री धनीराम, ग्राम भुसहर ऊँचवा, पोस्ट परसरामपुर, रजेहना, तुलसीपुर, बलरामपुर (आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि)।

**विषयः–** **प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (वन बल के प्रमुख) की अध्यक्षता में दिनांक 31.08.2021 को आहुत उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति (Executive Committee) की छठवीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**महोदय,**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (वन बल के प्रमुख) की अध्यक्षता में दिनांक 31.08.2021 को आहुत उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति (Executive Committee) की छठवीं बैठक का प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (वन बल के प्रमुख) द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त संलग्नकर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(संजय श्रीवास्तव)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 कैम्पा, लखनऊ/
सदस्य सचिव–उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति।

पत्रांक– 335 /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आगरा जोन आगरा।
2. मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव प0 क्षेत्र, कानपुर।
3. मुख्य वन संरक्षक, द0 क्षेत्र, प्रयागराज।
4. मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पू0 क्षेत्र, गोण्डा।
5. मुख्य वन संरक्षक, रुहेलखण्ड जोन, बरेली।

**(संजय श्रीवास्तव)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 कैम्पा, लखनऊ/
सदस्य सचिव–उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति।

# उत्तर प्रदेश प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उ0प्र0 कैम्पा) कार्यपालक समिति की दिनांक 31.08.2021 को आयोजित छठवीं बैठक का कार्यवृत्त

उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की छठवीं बैठक दिनांक 31.08.2021 को दोपहर 12.00 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश (वन बल के प्रमुख)/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में भाग लेने वाले कार्यपालक समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है **(संलग्नक–1)**।

सर्वप्रथम, सदस्य सचिव, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यपालक समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियमित एजेंडा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिए गए :–

**एजेण्डा बिन्दु–1 :–उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की पॉचवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि किया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति पॉचवी बैठक दिनॉक 01.03.2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। समिति, चतुर्थ एवं पॉचवी बैठक में दिये गये निर्देशों (कार्यवृत्त) के अनुपालन की स्थिति से अवगत हुयी तथा समिति द्वारा निम्न निर्देश निर्गत किये गये :–

1. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये जा रहे अध्ययन कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा निर्धारित Timeline के अनुसार की जाये तथा अंतिम रिपोर्ट एवं संस्तुति से समिति को आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाय।

2. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये जा रहे वृक्षारोपणों, जिन हेतु 7 से 10 वर्ष अनुरक्षण दिया जा रहा है, के सफलता मानकों के निर्धारण हेतु गठित समिति द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/निदेशक राज्य वन अनुसंधान संस्थान, कानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि सफलता मानक निर्धारण हेतु मूल्यांकन टीमों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है तथा 20 दिवस में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

   समिति द्वारा उक्त के सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये कि उक्त कार्य हेतु गठित समिति द्वारा, एक माह के अन्दर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/अध्यक्ष, उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाय।

3. समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि टी0टी0जेड0 क्षेत्र के अन्तर्गत मथुरा वन प्रभाग में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा निर्गत सीलिंग दरों के सापेक्ष बढ़ी हुयी दरों एवं भिन्न माडल के प्रस्ताव का परीक्षण अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/अध्यक्ष, उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–2:–उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के सम्बन्ध में राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा दिये गये अनुमोदन से समिति को अवगत कराया जाना।**

समिति, उ0प्र0 कैम्पा अभिचालन समिति द्वारा वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना हेतु धनराशि रू0 600.00 करोड़ के अनुमोदित आउटले के सापेक्ष कार्यपालक समिति, राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा अनुमोदित आउटले धनराशि रू0 579.27 करोड़ के निर्णय से अवगत हुयी।

समिति द्वारा इस पर गहन अप्रसन्नता व्यक्त की गयी कि मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उ0प्र0 कैम्पा अभिलचान समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक प्रचालन योजना, जो CAF Act, 2016 एवं CAF Rules,

2018 के प्राविधानों के अनुसार बनायी गयी थी, के सापेक्ष कार्यपालक समिति, राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा कतिपय कार्यमदों को अनुमन्य किये जाने के निर्णय को deferred किया गया है। कार्यपालक समिति, राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा कतिपय कार्यमदों को अनुमन्य किये जाने के निर्णय को deferred किये जाने से कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ सम्पादित किये जाने में व्यवधान उत्पन्न होता है।

समिति द्वारा इस पर यह निर्देश दिये गये है कि उक्त अप्रिय स्थिति के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से भारत सरकार को अर्द्धशासकीय पत्र प्रेषित किये जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–3:–अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी सम्बन्धी कार्यों के सफल संचालन हेतु कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों की माह सितम्बर, 2021 से उ0प्र0 कैम्पा के अन्तर्गत निरन्तरता बनाये रखने हेतु पारिश्रमिक के भुगतान के सम्बन्ध में दिये गये प्रस्ताव पर विचार किया जाना।**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा सम्यक रूप से विचार किया गया। समिति को अवगत कराया गया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी सम्बन्धी कार्यों के सफल संचालन हेतु कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों के पारिश्रमिक भुगतान हेतु निम्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है :–

1. State Budget के अन्तर्गत पुर्नविनियोग के माध्यम से बजट व्यवस्था किया जाना।
2. उ0प्र0 कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत एन0पी0वी0 मद में सूचना एवं प्रौद्योगिकी सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु प्रस्तावित आउटले को कार्यपालक समिति, राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा अनुमोदन किये जाने पर बजट व्यवस्था किया जाना, जो कि वर्तमान में निर्णय हेतु Deferred है।
3. उ0प्र0 कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत "Outlay For The Use of accrued Interest" के लेखाशीर्षक 058–Payment for outsourcing Services के अधीन बजट व्यवस्था किया जाना।

समिति द्वारा उक्त पर सम्यक विचारोपरान्त यह मत स्थिर किया गया कि उक्त विकल्पों पर सुसंगत नियमों के परिप्रेक्ष्य में निर्णय लिये जाने हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/अध्यक्ष, उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–4:–उ0प्र0 कैम्पा योजना के अन्तर्गत कतिपय कारणों से असफल वृक्षारोपणों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना।**

समिति के समक्ष उ0प्र0 कैम्पा के अन्तर्गत विभिन्न वार्षिक प्रचालन योजनाओं के अधीन कराये गये क्षतिपूरक एवं गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के कतिपय कारणों से असफल होने के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पश्चिमी क्षेत्र, कानपुर; मुख्य वन संरक्षक, दक्षिणी क्षेत्र, प्रयागराज; वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़ एवं प्रभागीय निदेशक, आगरा वन प्रभाग द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया।

उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 कैम्पा के अन्तर्गत विभिन्न वार्षिक प्रचालन योजनाओं के अधीन कराये गये क्षतिपूरक वृक्षारोपणों की प्रत्येक दशा में सफलता सुनिश्चित की जाय, इस हेतु प्रभावी अनुश्रवण तंत्र विकसित किया जाय। वृक्षारोपणों के ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर पॉलीगान तथा अन्य सम्बन्धित सूचनायें प्राथमिकता के आधार पर अपलोड की जाय। आगरा वन प्रभाग के अन्तर्गत 30.00 हे0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण तथा अलीगढ़ वन प्रभाग के अन्तर्गत 34.50 हे0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण की सफलता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये है।

कैमूर वन्यजीव प्रभाग के अन्तर्गत असफल 50.00 हे0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पश्चिमी क्षेत्र, कानपुर द्वारा यह अवगत कराया गया कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चिन्हित स्थल पर गिरोह बन्द अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है इनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी है, अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध मा0 न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि प्रकरण में उत्तरदायी अधिकारियो/कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाय तथा उक्त क्षतिपूरक वृक्षारोपण

हेतु स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करते हुये परिवर्तित स्थल पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थापित किये जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जाय।

समिति द्वारा कौशाम्बी वन प्रभाग में असफल 20.00 हे0 गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण को विशेष प्रयास कर सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। समिति, अलीगढ़ वन प्रभाग में 87.714 हे0 गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु असफल वृक्षारोपण हेतु उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध प्रचलित अनुशासनिक कार्यवाहियों एंव क्षति की वसूली किये जाने की कार्यवाही से अवगत हुयी।

समिति द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में असफल क्षतिपूरक वृक्षारोपण के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिये जाने हेतु आमंत्रित अधिकारियों क्रमशः मुख्य वन संरक्षक, रूहेलखण्ड जोन, बरेली एवं मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पूर्वी, गोण्डा के उपस्थित न होने पर गहन अप्रसन्नता व्यक्त की गयी, इस सम्बन्ध में समिति द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–5:–उ0प्र0 कैम्पा योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 के CAG Empanelled CA द्वारा तैयार किये गये वार्षिक लेखे का अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 के CAG Empanelled CA द्वारा तैयार किये गये वार्षिक लेखे का अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि भविष्य में Excess of Income over expenditure को कम करने के प्रयास किये जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–6:–उत्तर प्रदेश कैम्पा के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा विचार किया जाना।**

समिति द्वारा ई0जी0 परिसर (वन मुख्यालय) में कैम्पा कार्यालय में स्थापित ई–ग्रीन वॉच सेल, कार्यालय अध्यक्ष कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा तथा ई–ग्रीन वॉच सेल में महत्वपूर्ण संयत्रों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु मु मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा की गयी मांग के अनुसार 06 अदद् सुरक्षा कर्मी की तैनाती माह अप्रैल, 2021 से किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा मुख्य वन संरक्षक, नीति विश्लेषण एवं समन्वयक द्वारा एक अदद् क्लर्क कम कम्प्यूटर आपरेटर की गयी मांग के अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु निर्णय को Deferred किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–7:– अन्य बिन्दु।**

समिति द्वारा निम्न निर्देश भी निर्गत किये गये:–

1. उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति के सदस्यगणों हेतु कैम्पा योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 तथा अन्य राज्यों मे कराये गये/कराये जा रहे कार्यो के अवलोकन के लिए भम्रण कार्यक्रम आयोजित किया जाय।
2. ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड किये गये पॉलीगान के सम्बन्ध मे त्रैमासिक रुप से Analysis Report तैयार की जाय।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुयी।

1/09.

(संजय श्रीवास्तव)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव
कार्यपालक समिति, (उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

संलग्नक-1

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष (वन बल के प्रमुख), उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की छठवीं बैठक दिनॉक 31.08.2021 में उपस्थित अधिकारियों की सूची

| क्रसं | अधिकारी का नाम/पदनाम | मो0नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | सुनील पाण्डे, PCCF (U.P.) | | |
| 2. | ललित सिंह APCCF, IT | | |
| 3. | अनुपम गुप्ता, APCCF/Nodal off. | | |
| 4. | डॉ. कुकाविलो थोमस, निदेशक SFRI | | |
| 5. | दीपक कुमार, CCF (JFM) | 9412287068 | |
| 6. | नीरज कुमार, CCF, Eco-development | | |
| 7. | Swati gupta E.O. ZPMC | 9718789243 | Swati gupta |
| 8. | Vinod Singh Ex Z.P. chirlakoot | 9936988008 | |
| 9. | Abhiram Trivedi संयुक्त आयुक्त मनरेगा उ0प्र0 | 9936420691 | |
| 10. | Rajendra Ram, Under Secretary, Finance, U.P. Secretariat | 9454417938 | |
| 11. | Neeraj Kr. Pal, Programme Coordinator Centre for Environment Education (CEE) | 9450281900 | Neeraj Pal. |
| 12. | Arvind Kumar Verma Additional Director, Planning Deptt. | 9454468894 | 31/8/2021 |
| 13. | एस0पी0 उपाध्याय, विशेष सचिव, राजस्व [illegible] | 9415789551 | 31/8/2021 |
| 14. | Apurva Shukla, Tribal Officer, Tribal Development Dept. Up. | | Apurva 31.8.2021 |
| 15. | Bhaskar Dixit / TSA-India | 9839311703 | |
| 16. | Aditi Sharma CF, Aligarh | 7839435082 | |
| 17. | N. Ravindra CCF Prayagraj | 9532958245 | |
| 18. | Shirish Dixit C.A | 9415109871 | |
| 19. | Gyanendra Katiyar (IFS) | 9415005407 | |
| 20. | Sanjay Shrivastava | 9454323308 | |
| 21. | I.D. Ram Rtd. Sc & Tech Secy, CST UP | 9335902585 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | DR. R. D. Dwivedi, Ad. SO | 9451102277 | Rdw |
| 23. | Manoj Kr. Tiwari Add. DPRO P.RAJ | 8318702382 | [signature] |
| 24. | P. K. Thakur, TO, Agri. Dept. | 9198909997 | Rem |
| 25. | घनीराम आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि | 8009924126 | घनीराम |
| 26. | | | |
| 27. | | | |
| 28. | | | |
| 29. | | | |
| 30. | | | |